सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 247 | इंदौर, मंगलवार 24 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## ●पेरू बॉर्डर के पास कोलंबिया का मिलिट्री प्लेन क्रैश

## 66 सैनिकों की मौत



**नई दिल्ली, (एजेंसी) कोलंबिया के सुदूर दक्षिणी अमेजन क्षेत्र में उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद 110 सैनिकों को ले जा रहा एक सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. कोलंबिया के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह हादसा लॉकहीड मार्टिन हरक्यूलिस C-130 विमान से जुड़ा है. मंगलवार को आई ताजा जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 66 हो गई है.**

बता दें कि सोमवार को सैनिकों को ले जाते समय यह विमान पेरू की सीमा के पास स्थित पुएर्तो लेगुजामो कस्बे के नजदीक दुर्घटनाग्रस्त हुआ था. स्थानीय मीडिया आउटलेट ब्लूराडियो के मुताबिक, हादसे के वक्त विमान में 110 सैनिक सवार थेय यह दुर्घटना एक शहरी क्षेत्र से महज 3 किलोमीटर दूर हुई. रॉयटर्स के अनुसार, हरक्यूलिस C-130 विमान के मलबे से 50+ लोगों को जीवित बाहर निकाला गया था. स्थानीय मीडिया द्वारा शेयर किए गए वीडियो में हादसे वाले इलाके से काले धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया है. सैन्य विमान हादसे की इस घटना पर कोलंबिया के राष्ट्रपति Gustavo Petro ने चिंता व्यक्त की है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने लिखा, 'मुझे उम्मीद है कि इस भयावह दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ होगा, जो कभी नहीं होनी चाहिए थी.' Petro ने इस दुर्घटना को कोलंबिया के सैन्य बेड़े के आधुनिकीकरण में लंबे समय से हो रही देरी से जोड़ा है. Gustavo Petro ने कहा, 'मैं अब और देरी बर्दाश्त नहीं करूंगा, हमारे युवाओं का जीवन दांव पर लगा है. अगर नागरिक या सैन्य प्रशासनिक अधिकारी इस चुनौती का सामना करने में सक्षम नहीं हैं, तो उन्हें पद से हटा दिया जाना चाहिए.' हरक्यूलिस C-130, जिसे पहली बार 1950 के दशक में पेश किया गया था, दुनिया भर में सैन्य परिवहन बेड़ों का एक अहम हिस्सा रहा है, जिसमें 1960 के दशक के अंत से कोलंबिया भी शामिल है. हालांकि, समय-समय पर कुछ विमानों को अपग्रेड किया गया है, लेकिन पुराने होते उपकरणों को लेकर चिंताएं अब भी बनी हुई हैं.

**2029 चुनाव से पहले लागू होगा 33% महिला आरक्षण: लोकसभा सीटें बढ़कर 816 होंगी, महिला सांसदों की संख्या 273 तक पहुंचेगी**

# एमपी में 12 लाख कर्मचारी-पेंशनर्स के 58% डीए को मंजूरी

## 4000 ओबीसी छात्रों को फोर्स में भर्ती की ट्रेनिंग, गेस्ट फैकल्टी का वेतन भी डबल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश सरकार ने प्रदेश के करीब 12 लाख कर्मचारियों और पेंशनर्स को बड़ी राहत देते हुए 3% महंगाई भत्ता (DA) और महंगाई राहत (DR) बढ़ाने का फैसला किया है।**

इसके साथ ही मोहन कैबिनेट ने ओबीसी युवाओं के लिए 'शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026' को मंजूरी दी है, जिसके तहत हर साल 4000 युवाओं को सुरक्षा बलों में भर्ती की तैयारी कराई जाएगी। साथ ही दिव्यांग संस्थानों में अतिथि शिक्षकों का मानदेय 9000 से बढ़ाकर 18000 करने का फैसला लिया गया है।

अप्रैल से बढ़ा हुआ वेतन, एरियर भी तय सरकार के फैसले के बाद DA 55% से बढ़कर 58% हो गया है। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता अप्रैल के वेतन के साथ देने का निर्णय लिया गया है। डीए बढ़ने से हर महीने सैलरी में 465 से 4,230 रुपए तक बढ़ोतरी होगी। वहीं कर्मचारियों को 4,185 से 38,070 रुपए तक एरियर मिलेगा। हालांकि, मुख्यमंत्री की घोषणा के 15 दिन बाद भी वित्त विभाग की ओर से आधिकारिक आदेश जारी नहीं होने से कर्मचारी इंतजार में हैं।

2450 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार इस फैसले का लाभ प्रदेश के करीब 12 लाख लोगों को मिलेगा, इनमें 7.50 लाख कर्मचारी-अधिकारी और 4.50 लाख पेंशनर्स शामिल है। पेंशनर्स को भी 58% की दर से महंगाई राहत (DR) दी जाएगी। इस फैसले से सरकार पर करीब 2450 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा।



### 4000 OBC युवाओं को फोर्स में भर्ती की तैयारी

कैबिनेट ने ओबीसी वर्ग के युवाओं को सेना, पुलिस, होमगार्ड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए तैयार करने के उद्देश्य से शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना को मंजूरी दी। इसके तहत हर साल 4000 युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी। 4 महीने का आवासीय प्रशिक्षण रहेगा। इस दौरान युवकों को 1000 और युवतियों को 1200 स्टाइपेंड दिया जाएगा।

### 6940 करोड़ की योजनाएं जारी रहेगी

कैबिनेट बैठक में 6940 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं और योजनाओं को जारी रखने का फैसला किया गया। बैठक में कुल 20 एजेंडों पर चर्चा हुई। इनमें आंगनबाड़ी-पोषण 2.0 में अति कुपोषित बच्चों के लिए अतिरिक्त राशि, रीवा की महाना सिंचाई परियोजना को मंजूरी और इंदौर जल प्रदूषण मामले में न्यायिक जांच आयोग शामिल हैं।

### एमपी में 'स्टेट AI मिशन' शुरू होगा

प्रदेश में सुशासन को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए 'स्टेट AI मिशन' शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कैबिनेट बैठक में इस मिशन की जानकारी मंत्रियों को दी। इस मिशन के जरिए कृषि, स्वास्थ्य, पोषण और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में जोखिमों की पहले पहचान कर बेहतर निर्णय लेने में मदद मिलेगी। मिशन को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा– 2026-27 : आधारभूत तैयारी। 2027-28 : व्यापक क्रियान्वयन। 2028 से : शासन में AI की स्थायी व्यवस्था विकसित।

# तेल संकट के बीच बड़ी राहत, सऊदी अरब और UAE से भारत आ रहे कई टैंकर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध की वजह से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने से भारत सहित कई देशों में ईंधन आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इस बीच अब भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक UAE से दो LPG कैरियर और सऊदी अरब से एक कच्चे तेल का कैरियर भारत के बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं ताकि देश में ऊर्जा आपूर्ति की कमी को पूरा किया जा सके। वहीं नौसेना प्रमुख दिनेश त्रिपाठी ने बढ़ते हुए शिपिंग संकट के चलते ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के अपने आधिकारिक दौरे को रद्द कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक भारतीय झंडे वाले जहाज पाइन गैस और जग वसंत लगभग एक साथ ही चल रहे थे। दोनों जहाज सोमवार सुबह 6 बजे UAE के बंदरगाहों से भारत के लिए रवाना हुए। ईरान ने इन दोनों LPG जहाजों को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने की मंजूरी भी दे दी है। वहीं ओमान की खाड़ी में भारतीय नौसेना के युद्धपोत इन LPG जहाजों को 24 घंटे तक सुरक्षा दे रहे हैं।



बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेस में बताया कि दोनों जहाज पर लगभग 92,000 टन एलपीजी है। उन्होंने कहा, ''यात्रा शुरू हो चुकी है।'' शिपिंग मंत्रालय के अनुसार जग वसंत के 26 मार्च को कांडला बंदरगाह पहुंचने की संभावना है, जबकि पाइन गैस 28 मार्च को न्यू मैंगलोर पहुंच सकता है। इन जहाजों पर क्रमशः 33 और 27 भारतीय नाविक भी सवार हैं।

इसके अलावा, MT Kallista नाम का एक कच्चे तेल का कैरियर सऊदी अरब के यान्बू बंदरगाह पर तेल भर रहा है और मंगलवार को जेद्दा बंदरगाह होते हुए भारत के पारादीप बंदरगाह के लिए रवाना होगा। पेट्रोलियम मंत्रालय के समन्वय से, पनामा के झंडे वाले यह जहाज भी अदन की खाड़ी से गुजरेगा और भारतीय नौसेना इसकी हिफाजत करेगी।

### कलेक्टर शिवम वर्मा ने दिए निर्देश

# आगामी 31 मार्च तक हर हाल में पूरे हों योजनाओं के लक्ष्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हितग्राही एवं रोजगार मूलक योजनाओं के लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर शिवम वर्मा ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में शासकीय एवं बैंक अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर प्रगति की समीक्षा की। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की गई।**



कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिये कि 31 मार्च तक सभी निर्धारित लक्ष्य हर हाल में पूरे किए जाएं। उन्होंने विभागों और बैंकों को समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचना चाहिए। बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हितग्राहियों के ऋण प्रकरणों में अनावश्यक देरी न हो और स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया को तेज किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बिना उचित कारण के किसी भी प्रकरण को निरस्त करना स्वीकार्य नहीं होगा। बैंकवार समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने धीमी प्रगति वाले प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि यह योजनाएं लोगों के जीवन से जुड़ी हैं, इसलिए प्रत्येक अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें, ताकि अधिकतम हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके।

# मिडिल ईस्ट की जंग ने बिगाड़ा इंदौरियों का मूड, दुबई-यूरोप की ट्रिप कैंसिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध की आग ने इंदौर के हॉलिडे प्लान को पूरी तरह झुलसा दिया है। हर साल गर्मी की छुट्टियों में बड़ी संख्या में विदेश उड़ने वाले इंदौरियों ने इस बार अपना रास्ता बदल लिया है। असुरक्षित माहौल, फ्लाइट्स की कमी और 10 गुना तक बढ़े हवाई किराए के कारण पर्यटकों ने दुबई, अबू धाबी, यूरोप और अमेरिका की बुकिंग्स कैंसिल कर दी हैं। अब पर्यटकों का झुकाव उन देशों की तरफ है जहां रुपया मजबूत है और माहौल शांत। युद्ध के चलते कई इंटरनेशनल रूट्स प्रभावित हुए हैं। दुबई की कई



फ्लाइट्स निरस्त हो चुकी हैं, वहीं यूरोप जाने वाले विमानों को लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। क्रूड आयल की बढ़ती कीमतों ने आग में घी डालने का काम किया है। विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिका और यूरोप का किराया सामान्य से कई गुना बढ़ चुका है, जिससे मिडिल क्लास तो क्या, हाई-प्रोफाइल टूरिस्ट्स के बजट का गणित भी बिगड़ गया है। इंदौर के एक टूर ऑपरेटर ने बताया कि पर्यटक अब वहां जाना पसंद कर रहे हैं जहां सुरक्षा की गारंटी है और फ्लाइट आसानी से उपलब्ध है। वियतनाम, बाली, और थाईलैंड जैसे देशों में भारतीय रुपया मजबूत स्थिति में है, जिससे वहां घूमना यूरोप के मुकाबले बहुत सस्ता पड़ रहा है। विदेशी संकट का सीधा फायदा देश के पर्यटन स्थलों को मिल रहा है। कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड और सिक्किम जैसे राज्यों के लिए इंदौर से रिकॉर्ड बुकिंग हो रही है। लोग विदेश जाने के बजाय अपने ही देश की वादियों को सुरक्षित और सुंदर मान रहे हैं।

### ● इंदौर में राजस्व वसूली अभियान तेज

# बकायादारों पर सख्त कार्रवाई पेट्रोल पंप किया गया सील




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिले में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में राजस्व बकाया वसूली के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बकाया राशि जमा नहीं करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।**

इसी क्रम में सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए तहसील कनाडिया के ग्राम छिटकाना में स्थित एक रिलायंस पेट्रोल पंप को सील किया गया। संबंधित पेट्रोल पंप पर डायवर्शन टैक्स के रूप में 2 लाख 35 हजार रुपए की बकाया राशि लंबित थी। बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद राशि जमा नहीं करने पर प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई की गई। राजस्व बकाया की वसूली के लिए जिला प्रशासन का यह अभियान लगातार जारी रहेगा और बकायादारों के विरुद्ध इसी तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी की जाएगी।

# कुंए और बावड़िया हमारी संस्कृति का हिस्सा है, हम इसकी उपेक्षा नहीं करें : मंत्री श्री सिलावट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने जल की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि जल ही जीवन है और यह अनमोल है। जल के संरक्षण के बिना हमारे अस्तिव की कल्पना संभव नहीं है। जल है तो कल है। जल ससांर की पहली और सर्वोत्तम औषधि है।**



मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि पर लगभग 71 प्रतिशत भाग जल से ढँका हुआ है, लेकिन इसमें से मात्र 2.5 प्रतिशत ही मीठा पानी है, उसमें भी बहुत कम हिस्सा ही पीने योग्य है। नदियां, तालाब, कुंए और बावडिया हमारी संस्कृति, सामाजिक विकास और संस्कारों का अभिन्न हिस्सा हैं, इनकी उपेक्षा से हमारी सभ्यता का भी नुकसान हो रहा है। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए सिंचाई के लिए अधिक पानी की जरूरत है। कृषि के लिए इस्तेमाल किया गया भू-जल का प्रतिशत आज अधिक बढ़ गया है। मंत्री श्री सिलावट ने नागरिकों से अपील की है कि वे जल संवर्धन और जल संरक्षण के लिए सतत प्रयास करें और इसके लिए अपने क्षेत्रों में सतत् जनजागरूकता अभियान चलाये। मंत्री श्री सिलावट ने जल संरक्षण के उपाय बताते हुए कहा कि नागरिक अपने घरों एवं कार्यालयों में नलों को खुला न छोड़ें, वर्षा जल का संचयन करें, पेड़-पौधे लगाएं और जल को प्रदूषित होने से बचाएं।

# फेसबुक पर दोस्ती हुई, शादी का झांसा देकर रेप किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने फेसबुक के जरिए दोस्ती कर महिला को अपने जाल में फंसाया और बच्चों सहित उसे अलग-अलग होटलों में रखकर धमकी देते हुए शारीरिक शोषण करता रहा। पुलिस ने महिला को महाराष्ट्र से बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक 34 वर्षीय पीड़िता की पहचान फेसबुक के जरिए विनय कुमार (27) निवासी बनवारीपुर, जैतीपुर, बिहार से हुई थी। विनय कुमार से दोस्ती के दौरान महिला का अपने पति से विवाद चल रहा था। यह बात महिला ने विनय कुमार से भी शेयर की थी। इसी का फायदा उठाकर आरोपी ने उसे भरोसा दिलाया कि वह उसे और उसके बच्चों को अपने साथ रखेगा और मायके छोड़ देगा। 17 जनवरी को पीड़िता आरोपी के साथ चली गई, लेकिन आरोपी उसे मायके ले जाने के बजाय शहर से बाहर अलग-अलग होटलों में ठहराता रहा। इस दौरान उसने महिला और बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया और मारपीट भी की। मामले में पुलिस ने महिला और उसके बच्चों को सुरक्षित बरामद कर लिया है। आरोपी विनय कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# दूध में मिलावट की जांच हेतु विशेष अभियान प्रारंभ, विभिन्न क्षेत्रों से 18 नमूने लिए गए

## खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरुद्ध की जायेगी सख्त कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार इंदौर जिले में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट की जांच के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में 23 मार्च को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई की गई।**

अभियान के दौरान विभिन्न डेयरी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुए दूध एवं दुग्ध उत्पादों के नमूने जांच हेतु लिए गए। इस कार्रवाई के अंतर्गत जोशी दूध दही भंडार, संविद नगर कनाडिया रोड से दूध के 04 नमूने, ओसवाल डेरी संविद नगर कनाडिया रोड से दूध के 03 नमूने तथा गणेश दूध दही भंडार स्वामी विवेकानंद नगर से दूध के 03 नमूने लिए गए।





इसी क्रम में पूजा डेरी वैभव नगर से दूध एवं मावा के 02 नमूने, सोनू राजा डेरी गुलजार कॉलोनी चौराहा से मिश्रित दूध का 01 नमूना, गीता डेरी आनंद बाजार (प्रोपराइटर श्री भरत पाटीदार) से दूध, पनीर एवं दही के कुल 03 नमूने तथा महावीर डेरी आनंद टावर साकेत चौराहा से गाय के दूध का 01 नमूना जांच हेतु संकलित किया गया। सुपर मिल्क प्रोडक्ट साकेत स्क्वेयर इंदौर से चोको हेजलनट मिल्क का 01 नमूना लिया गया। इस प्रकार आज की कार्रवाई में कुल 18 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु लिए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों का पालन करने, परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने तथा उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

लिए गए सभी नमूनों को विस्तृत परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जाएगा। प्रयोगशाला से विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा बताया गया है कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले या खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# रेप के आरोपी का घर जलाने वालों पर एफआईआर का विरोध

## महू-इंदौर रोड पर लगाया जाम



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** महू में इंदौर रोड के किशनगंज रेलवे ओवरब्रिज पर सोमवार को ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। करीब एक किलोमीटर तक गाड़ियों की कतार लग गई। पाटीदार समाज, हिंदू जागरण मंच, बजरंग दल और ग्रामीणों ने सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी जाम खत्म करने की समझाइश देते रहे। मामला बड़गोंदा थाना क्षेत्र के पातालपानी में रेप केस से जुड़ा है। यहां हिंदू युवती से 4 महीने तक दुष्कर्म करने के आरोपी डॉ. सईद खान का आम्बाचंदन स्थित घर जलाने वालों पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। कोतवाली पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर 3 को गिरफ्तार किया है। इससे नाराज ग्रामीण सड़क पर बैठ गए। उनका कहना था कि पुलिस ने बिना जांच किए केस दर्ज किया है। वे पुलिस कार्रवाई को एकतरफा बताते हुए गिरफ्तार लोगों की रिहाई की मांग करते रहे। करीब साढ़े तीन घंटे बाद शाम 5:30 बजे विधायक उषा ठाकुर ने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब जाकर प्रदर्शन खत्म किया गया। दरअसल, रविवार को पातालपानी में हिंदू युवती को ब्लैकमेल कर चार महीने तक रेप करने का मामला सामने आया था। आरोपी डॉ. सईद खान ने पीड़िता को नशे का इंजेक्शन देकर उसके साथ रेप किया, इसकी तस्वीरें भी खींच लीं। इन्हीं तस्वीरों के जरिए वह युवती को ब्लैकमेल कर रहा था। रविवार को भी उसने युवती को पातालपानी के बेलामोर रिसॉर्ट बुलाया। इसकी खबर हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को लग गई। वे भी रिसॉर्ट पहुंच गए। यहां एक कमरे से आरोपी को युवती के साथ पकड़ लिया। उसको जमकर पीटा। फिर पुलिस को सौंप दिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह करीब चार महीने पहले गुजरखेड़ा में डॉ. सईद खान के क्लिनिक पर इलाज कराने गई थी। वहां डॉक्टर ने उसे नशीला इंजेक्शन देकर बेहोश किया और दुष्कर्म कर उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें खींच लीं। इसके बाद लगातार ब्लैकमेल कर रहा था।

# शादी के नाम पर ठगी, 9 महीने साथ रही, गहने-नकदी लेकर फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में शादी के नाम पर ठगी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक महिला ने खुद को दुल्हन बताकर युवक और उसके परिवार को झांसे में लिया। फर्जी वैवाहिक पंचनामा तैयार किया और लाखों के जेवर-नकदी लेकर फरार हो गई। मामले में जिला कोर्ट इंदौर ने गंभीरता दिखाते हुए पुलिस थाना एमआईजी से एक्शन टेकन रिपोर्ट (ATR) तलब की है।**



हाईकोर्ट एडव्होकेट कृष्ण कुमार कुन्हारे ने बताया कि एमआईजी क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित ने बताया कि सागर निवासी आरती नाम की महिला ने 19 नवंबर 2019 को शादी का झांसा देकर उसे सागर बुलाया। यहां हिंदू रीति-रिवाजों से शादी कराने के बजाय कुछ कागजों पर हस्ताक्षर करवाकर वैवाहिक पंचनामा तैयार किया गया और इसे शादी का रूप दे दिया गया। इसके बाद महिला इंदौर आकर युवक के साथ रहने लगी। इस दौरान उसने चांदी की पायल, करधनी, बिछिया, सोने का मंगलसूत्र और करीब 40 हजार रुपए एफडी के नाम पर ले लिए। साथ ही घर में रखे करीब 30 हजार रुपए नकद भी गायब कर दिए। पीड़ित का आरोप है कि महिला ने कभी भी सात फेरे, सिंदूर, मंगलसूत्र जैसी वैवाहिक रस्में पूरी नहीं कीं। हर बार बहाने बनाकर शारीरिक संबंध बनाने से भी बचती रही और बड़े समारोह में शादी करने की बात कहती रही। कोरोना लॉकडाउन के दौरान करीब 9 महीने तक साथ रहने के बाद 15 अगस्त 2020 को महिला अपने पिता के साथ सागर जाने का कहकर चली गई और फिर लौटकर नहीं आई। बाद में उसने फोन उठाना भी बंद कर दिया। पीड़ित ने जब वकीलों से सलाह ली, तब पता चला कि नोटरी कागजों पर किया गया वैवाहिक पंचनामा कानूनी रूप से मान्य ही नहीं है। इसके बाद उसे अहसास हुआ कि वह शादी के नाम पर ठगी का शिकार हुआ है। पुलिस में कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने अपने वकीलों एडवोकेट कृष्ण कुमार कुन्हारे और डॉ. रूपाली राठौर के माध्यम से जिला कोर्ट इंदौर में धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा और चोरी का परिवाद पेश किया। कोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए एमआईजी थाने से एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है। कुन्हारे ने बताया की हिंदू विवाह अधिनियम के तहत किसी भी हिंदू लड़के-लड़कियों की अग्नि के समक्ष सप्तपदी, सात फेरे, मांग में सिंदूर,मंगलसूत्र पहनाने सहित चलित मान्यताओं अनुसार शादी की शर्तों का पालन करना जरूरी होता है, तभी वैध संपत्र शादी मानी जाती है। किसी भी स्टाम्प और कागज पर की गई नोटराइज शादी या तलाक गैरकानूनी है।

# सरकारी टीचर की मौत पत्नी-बेटियां घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** महू में राऊ-खलघाट फोरलेन पर तेज रफ्तार अनियंत्रित कार डिवाइडर पार करके पिकअप वाहन से जा टकराई। आमने-सामने की इस टक्कर में कार ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी और दो बेटियां घायल हो गईं। वहीं, पिकअप में आग लग गई। हादसा सोमवार





शाम करीब 5 बजे बड़गोंदा थाना इलाके में शक्ति कोल्ड स्टोर के सामने हुआ। हादसे का शिकार परिवार महेश्वर का रहने वाला है और किसी काम से इंदौर जा रहा था। मृतक की पहचान कृष्णपाल सिंह तोमर के रूप में हुई है, जो सरकारी स्कूल में शिक्षक थे। घायलों में कृष्णपाल की पत्नी मिथलेश और बेटियां- शोभना तोमर और भावना तोमर शामिल हैं। कार का डिवाइडर पार करते वीडियो भी सामने आया है।

# शीघ्र ही लांच करेंगे स्टेट एआई मिशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सुशासन के जरिए नागरिक सेवाओं और सुविधाओं को और भी सिविक-फ्रेंडली बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए नई-नई तकनीकों से जुड़कर प्रदेश में नवाचारों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अर्थात् आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज के दौर का सर्वाधिक संभावनाशील सेक्टर है। शासन-प्रशासन व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए सरकार भी आगे बढ़ रही है। अब इस दिशा में एआई की मदद ली जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम बहुत जल्द मध्यप्रदेश का अपना 'स्टेट एआई मिशन' लांच करने जा रहे हैं। यह एक लक्ष्य केंद्रित मिशन होगा। इस मिशन से शासन प्रणाली में कसावट और सुप्रबंधन लाने के प्रयास किए जाएंगे।

# मध्यप्रदेश में 26 मार्च से फिर बारिश-आंधी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में मार्च के आखिरी हफ्ते मौसम का मिजाज फिर बदलेगा। आईएमडी (मौसम केंद्र) भोपाल ने 26 मार्च से बारिश का अलर्ट जारी किया है। नए सिस्टम का असर पूर्वी हिस्से यानी, जबलपुर, रीवा, शहडोल-सागर संभाग के 20 से ज्यादा जिलों में दिखाई देगा। इससे पहले 3 दिन प्रदेश में तेज गर्मी पड़ेगी। दिन के तापमान में 3 से 5 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत में एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) 26 मार्च से एक्टिव हो रहा है। जिसका असर एमपी में भी दिखाई देगा। वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और उससे सटे पाकिस्तान के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) सिस्टम सक्रिय है, लेकिन इसका असर प्रदेश में नहीं रहेगा।

# पत्नी का गला घोंटा 50 किमी दूर लेजाकर कार में जलाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी।** जिले के चनाटोरिया कार अग्निकांड में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। एडिशनल एसपी लोकेश सिंहा के मुताबिक, डॉक्टर नीलेश कुर्मी ने पहले घर में पत्नी सीमा का गला घोंटा, फिर सबूत मिटाने के लिए गढ़ाकोटा से करीब 50 किमी दूर ले जाकर कार में पेट्रोल डालकर जला दिया। मामले में आरोपी पति और उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि 20 मार्च की रात करीब 2 बजे घर लौटने पर नीलेश और सीमा के बीच विवाद हुआ। शक और अफेयर को लेकर झगड़ा इतना बढ़ा कि आरोपी ने सीमा का गला घोंट दिया। घटना के दौरान घर में मौजूद बेटी जाग गई तो उसने कहा-मां की तबीयत खराब है, अस्पताल ले जा रहा हूं। इसके बाद उसने अपने किरायेदार रामकृष्ण और शुभम को बुलाया और हार्ट अटैक का बहाना बनाकर सीमा को कार में बैठाया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव का किसानों ने किया अभिनंदन

# सच्चा वादा पक्का काम... हमने जो कहा, पूरा करके दिखाया

### आगर मालवा में 200 करोड़ रुपए के 2 कामों की मंजूरी के लिए माना आभार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसान हमारी धरोहर हैं। ये अन्नदाता ही देश के भाग्य विधाता हैं। सरकार प्रदेश के किसानों की समृद्धि के लिए कृत संकल्पित है। अन्नदाताओं को मजबूत करने के लिए ही हम 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। इसमें सरकार का पूरा फोकस खेती को आधुनिक तकनीक, नवाचार और मूल्य संवर्धन से जोड़ने पर है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए फसल उत्पादन के साथ गौपालन, पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी एवं कृषि आधारित उद्योगों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सच्चा वादा और पक्का काम, यही सरकार का संकल्प है। हमने किसानों से जो वादा किया था, वह पूरा करके भी दिखाया है। उन्होंने कहा कि जब हमारे खेतों से लेकर कारखाने तक समृद्धि आएगी, तभी तो हमारे किसान भी समृद्ध और खुशहाल होंगे। मध्यप्रदेश का समृद्ध किसान ही विकसित भारत@2047 के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुख्यमंत्री निवास में किसानों द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिले, इसके लिए प्रदेश में नदी जोड़ो अभियान एवं नयी सिंचाई परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में आगर-मालवा जिले के लिए 167.21 करोड़ रुपए लागत की आहू मध्यम सिंचाई परियोजना और 24.88 करोड़ रुपए की लागत से हड़ाई तालाब निर्माण को मंजूरी दी गई। करीब 200 करोड़ रुपए की इन दोनों योजनाओं से आगर-मालवा जिले के खेतों तक पानी पहुंचेगा और 4800 हैक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित होगी। आगर-मालवा जिले को यह दो सौगातें मिलने पर किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत कर आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर आगर-मालवा जिले के बड़ोद क्षेत्र के कुछ गांवों के अटपटे से नाम बदलने का आश्वासन किया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द वे स्वयं आगर-मालवा आएंगे और किसानों के बीच जाकर उनसे संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दिल्ली-मुंबई सुपर एक्सप्रेस-वे से जुड़ने के बाद आगर-मालवा को विकास को नए पंख लगे हैं। अब राजस्थान के झालावाड़ से नया हाई-वे भी सीधे उज्जैन के बाबा महाकाल और नलखेड़ा की मां बगुलामुखी धाम को जोड़ेगा। इससे धार्मिक पर्यटन के लिए आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और माल परिवहन में लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने उद्यानिकी फलदार पौधों के मूल्यांकन एवं मुआवजा राशि में वृद्धि कर दी है। इसके तहत हमने आगर-मालवा जिले के मशहूर ओडीओपी उत्पाद संतरे की फसल के लिए पूर्व निर्धारित दर 4500 प्रति वृक्ष को बढ़ाकर 17,500 प्रति वृक्ष कर दिया गया है। यह जिले के संतरा उत्पादक किसानों के लिए बड़ी सौगात है। राज्य सरकार ने भावांतर भुगतान योजना का लाभ सोयाबीन किसानों को दिया है। अब इस योजना में सरसो की फसल को भी शामिल कर किसानों को नई सौगात दी गई है। गेहूं उत्पादक किसानों को 40 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस देकर सरकार 2625 रुपए मूल्य पर खरीदी कर रही है। तुअर की शत-प्रतिशत खरीदी के लिए भी हम प्रतिबद्ध हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यूपीएससी-2025 में चयनित अभ्यर्थियों को ट्राफी भेंट कर किया सम्मानित

# यूपीएससी परीक्षा की सफलता में मध्यप्रदेश की बढ़ती उपस्थिति हम सबके लिए गौरव का विषय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा की सफलता में मध्यप्रदेश की बढ़ती उपस्थिति हम सबके लिए गौरव का विषय है। प्रदेश की माटी से 61 सिलेक्शन बदलते मध्यप्रदेश की तस्वीर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यूपीएससी-2025 की परीक्षा में चयनित सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह आपके संकल्प और सामर्थ्य का सम्मान है। चयनित अभ्यर्थी वर्ष-2047 के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के शिल्पकार हैं। जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष मना रहा होगा, तब आप प्रशासन के शिखर पर होंगे। आपका एक-एक निर्णय, एक-एक नवाचार, विकसित और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की नीव रखेगा। नियति ने आप सबको महत्वपूर्ण दायित्व के लिए चुना है। सफलता अपने साथ दायित्व लेकर आती है। आपके कंधों पर मध्यप्रदेश के करोड़ों नागरिकों के कल्याण और विकास का दायित्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव संघ लोक सेवा आयोग 2025 में चयनित अभ्यर्थियों से संवाद और उनके सम्मान के लिए कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चयनित अभ्यर्थियों पर केंद्रित 'मध्यप्रदेश की प्रतिभाओं का परचम' पुस्तिका के डिजिटल वर्जन का रिमोट के माध्यम से लोकार्पण किया। चयनित अभ्यर्थियों पर केंद्रित लघु फिल्म का इस अवसर पर प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चयनित अभ्यर्थियों को ट्रॉफी भेंट कर उनका सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चयनित युवाओं के लिए दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में प्रशासनिक सेवा में आना सौभाग्यशाली अवसर है।



अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन ने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा में इस वर्ष देशभर से कुल 958 अभ्यर्थी चयनित हुए। इनमें मध्यप्रदेश के 61 प्रतियोगी शामिल हैं। देश की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाले हमारे 22 अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने शासकीय स्कूल - कॉलेज से पढ़ाई की है। प्रदेश के सोहागपुर और सिरोंज जैसे छोटे शहरों से आने वाले अभ्यर्थियों का भी चयन हुआ है। यह सिविल सेवा के प्रति राज्य के युवाओं में बढ़ते रुझान को दर्शाता है। अब यह धारणा धीरे-धीरे समाप्त हो रही है कि सिविल सेवा में चयन के लिए राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों अथवा दिल्ली या इंदौर जैसे शहरों में जाकर ही तैयारी करनी होगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय स्तर पर 5वीं रैंक प्राप्त श्री ईशान भटनागर और 260वीं रैंक प्राप्त सुश्री प्राची चौहान ने अपने अनुभव साझा किए। श्री भटनागर ने बताया कि गवर्नेंस संवैधानिक मूल्यों को धरातल पर लाने का सही तरीका होता है, यही मेरी प्रेरणा रही।

# उज्जैन में सोफे के कारखाने में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

### कारखाना जलकर खाक, दमकल की 6 गाड़ियां ने पाया काबू



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन के खिलचीपुर में सोफे के कारखाने में भीषण आग लग गई। आग से कारखाना पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग को दमकलों की 6 गाड़ियों ने काबू पाया है। हालांकि, तब तक कारखाना पूरी तरह जल चुका था। सोमवार शाम करीब 7 बजे आगर रोड स्थित सोफे के कारखाने में भीषण आग लगने से वहां रखा सामान जलकर खाक हो गया। लाखों रुपए के नुकसान की बात सामने आ रही है। शार्ट सर्किट से लगी आग की वजह से गोदाम में रखा फोम, लकड़ी का सामान, कपड़े सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गए। बताया जाता है कि जिस जगह आग लगी वहां पर तीन कारखाने एक साथ संचालित हो रहे थे। वीरेंद्र दरबार वेल्डिंग, अय्यूब खान डेंटिंग पेंटिंग व अब्दुल जब्बार कुरेशी। चिमनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की।

Health is Wealth

## संपादकीय

# अतीत की कड़वाहट से वर्तमान के भरोसे तक का सफर

राज्यसभा में सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक ‘परिपक्व राजनीतिक नेता’ करार देते हुए कहा कि 2014 में उन्होंने मोदी के कहने पर ही लोकसभा चुनाव जीतने के बाद इस्तीफा देने का अपना निर्णय वापस लिया था। उच्च सदन में अनुदान की अनुपूरक मांगों पर चर्चा में भाग लेते हुए जनता दल (एस) प्रमुख देवेगौड़ा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि विकास से ही खपत बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इस बात पर ध्यान रखना चाहिए कि प्रधानमंत्री ने यह संदेश किस परिस्थिति में दिया है। उन्होंने 1971 के युद्ध की याद दिलाते हुए कहा कि इसके भारतीय अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़े थे। उन्होंने कहा कि उस समय मिट्टी का तेल 12 रूपये प्रति लीटर और चीनी 18 रूपये प्रति किलोग्राम चली गयी थी। देवेगौड़ा ने कहा कि 2014 में नरेन्द्र मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान कर्नाटक की एक सभा में उन पर एवं उनकी पार्टी पर हमला बोला था। उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से कहा था कि यदि बीजेपी को चुनाव में अपने बूते पर 286 सीटें मिल गयीं और उसने सरकार बना ली तो वह चुनाव से हट जाएंगे और इस्तीफा दे देंगे। जद(एस) प्रमुख ने कहा कि 2014 में बीजेपी को 286 सीटें मिलने के बावजूद मोदी ने कहा कि वह राजग के सभी भागीदारों के साथ मिलकर सरकार बनायेंगे और इससे उनकी ‘राजनीतिक परिपक्वता का पता चलता है। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री के बुलावे पर उनके शपथ ग्रहण समारोह में गए थे और वहीं मोदी ने उन्हें सात रेसकोर्स मार्ग स्थित अपने कार्यालय में मिलने के लिए बुलाया। देवेगौड़ा ने कहा कि वह गोधरा कांड के कारण मोदी के कटु आलोचक रह चुके हैं इसके बावजूद उन्होंने राजनीतिक परिपक्वता दिखाते हुए उन्हें मिलने के लिए बुलाया। देवेगौड़ा के अनुसार, प्रधानमंत्री ने उनसे कहा कि वह सबसे वरिष्ठ नेता है और उन्हें इस्तीफा नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2014 से लेकर आज तक वह प्रधानमंत्री मोदी के साथ है और इसके पीछे कोई व्यक्तिगत कारण नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें कांग्रेस की मदद से कभी मुख्यमंत्री नहीं बनने दिया गया किंतु 2018 में उन नेताओं का नाम नहीं बता सकता जिन्हें ‘श्रीमती (सोनिया) गांधी ने मेरे पुत्र (एचडी कुमारस्वामी)’ को मुख्यमंत्री बनाने के लिए संदेश लेकर उनके पास भेजा। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने पुत्र को मुख्यमंत्री नहीं बनने के लिए कहा था और 14 माह में उसकी सरकार गिर गई। फिर उन्होंने अपने पुत्र को प्रधानमंत्री मोदी के साथ जाने को कहा। जद(एस) प्रमुख ने कहा कि वह सत्ता के भूखे नेता नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र में जब उनकी सरकार गिर रही थी तो भाजपा के वरिष्ठ नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने उनकी सरकार को बचाने के लिए सर्वोत्तम प्रयास किए।

# बच्चों की जुकाम-खांसी से पेट दर्द तक में फौरन राहत देंगे दादी मां के 4 असरदार नुस्खे, आप भी करें ट्राई

आजकल हम हर छोटी-बड़ी चीजों के लिए बच्चों को फौरन दवाई दे देते हैं, फिर चाहे उन्हें सर्दी-खांसी हो या पेट में दर्द। पहले के जमाने में दादी-नानी बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए कई तरह के घरेलू नुस्खे अपनाया करती थीं, जो आप भी कारगर साबित होते हैं। इन नुस्खों के बारे में आजकल की मॉडर्न मॉम को कम पता है लेकिन हर मां को ये जानना जरूरी है। छोटी-बड़ी चीज के लिए बच्चे को दवाई देना उनकी सेहत के लिए भी बुरा है और इम्यूनिटी पर भी इसका बुरा असर पड़ता है। अगर आपके घर में छोटा बच्चा है, तो दादी के ये 4 पुराने और असरदार नुस्खे जरूर ट्राई करें। इन नुस्खों की मदद से बच्चे की सर्दी-खांसी से लेकर पेट दर्द तक में फौरन आराम आ जाएगा। चलिए आपको इनके बारे में पूरी जानकारी देते हैं।

## दादी मां के 4 असरदार नुस्खे-

### ● 1- जुकाम-खांसी के लिए तेल

अगर बच्चे को जुकाम-खांसी लगातार बनी रहती है और इससे जकड़न हो गई है, तो सरसों का तेल फायदा करेगा। आपको करना ये है कि सरसों का तेल कढ़ाही में लें और उसमें लहसुन, अजवायन, मेथी दाना डालकर गर्म करें। अब इस तेल को ठंडा करें और किसी शीशी में रख लें। रात में सोने से पहले इस तेल को गुनगुना करें और बच्चे की छाती, पैर के तलवे, हथेलियों पर रगड़ें। ऐसा करने से बच्चे की जकड़न खत्म होगी और जुकाम से रात में नाक नहीं बंद होगी।

### ● 2- जायफल वाला नुस्खा

जायफल किचन का मसाला है, जिसका इस्तेमाल सब्जी का स्वाद बढ़ाने के लिए किया जाता है। दादी मां के नुस्खों के मुताबिक, जायफल का यूज आप बच्चे को हो रहे लगातार जुकाम से राहत दिलाने के लिए भी कर सकती हैं। आपको जायफल को किसी पत्थर या लकड़ी



पर 1-2 बूंद पानी के साथ घिसना है। घिसने पर जायफल का अर्क निकल आएगा और उसे आप चम्मच में रख लें। मां के दूध के साथ जायफल के इस पेस्ट को मिक्स करें और बच्चे को चटा दें। बच्चे को लगातार हो रहा जुकाम खत्म हो जाएगा। इसकी तासीर गर्म होती है और ये सर्दी-खांसी में राहत दिलाता है। ध्यान रखें कि गर्मी में जायफल ज्यादा नहीं देना है और सर्दी में इसे हफ्ते में दो बार दे सकते हैं।

### ● 3- पेट दर्द के लिए हींग

छोटे बच्चों को अक्सर पेट में दर्द या फिर गैस की समस्या रहती है। इसकी वजह से बच्चे रोते रहते हैं और कई बार मां का दूध भी नहीं पीते। ऐसी सिचुएशन में अक्सर मां या घर के बड़े समझ नहीं पाते कि आखिर बच्चे को हुआ क्या है। अगर बच्चा दूध नहीं पी रहा है और रोए जा रहा है, उसका पेट फूला लग रहा है। तो आपको दादी मां का हींग वाला नुस्खा अपनाना है। हींग को गुनगुने पानी में घोल लें और बच्चे की नाभि के किनारे लगा दें। हींग से पेट दर्द और गैस में फौरन राहत मिलती है।

### ● 4- डकार के लिए

दादी मां के अनुसार बच्चे के दूध पिलाने के बाद डकार दिलाना बेहद जरूरी होता है, वरना बच्चा रोता है। कई बार बच्चे दूध भी पलटने लगते हैं। दादी मां ने इसके लिए तरीका बताया है कि बच्चे को सीधा लेटा दें, उसके पैर को साइकिल की पोजिशन में चलाएं। इसके अलावा कंधे पर लेटाकर थपकी दें। वैसे तो अजवायन पाउडर को पानी में घोलकर भी पिलाया जाता है लेकिन ये तब दें जब नॉर्मल तरीकों से डकार न आ रही हो। अगर बच्चा ज्यादा रो रहा है, तो डॉक्टर से संपर्क करें।

# क्या पपीते के पत्तों का जूस बुखार में देता है राहत? जानें सच्चाई

बुखार होने पर शरीर कमजोर हो जाता है और जल्दी ठीक होने के लिए लोग कई घरेलू उपाय अपनाते हैं। इन्हीं में से एक है पपीते के पत्तों का जूस जिसे प्राचीन समय से एक असरदार नुस्खा माना जाता रहा है। खासकर डेंगू जैसे बुखार में यह उपाय काफी चर्चा में रहता है। माना जाता है कि इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने और प्लेटलेट्स को सपोर्ट करने में मदद कर सकते हैं। हालांकि, यह जरूरी है कि इसे चमत्कारी इलाज समझने के बजाय एक सहायक उपाय के रूप में ही लिया जाए। सही मात्रा और सही जानकारी के साथ इसका सेवन करने पर यह बुखार के दौरान शरीर को बेहतर तरीके से रिकवर करने में मदद कर सकता है।



## कैसे बनाया जाता है यह जूस?

पपीते के ताजे पत्तों को अच्छे से धो लें। इसके बाद इन्हें पीसकर इसका रस निकाल लें। इस जूस को छानकर थोड़ी मात्रा में पिया जाता है। ध्यान रखें कि इसका स्वाद कड़वा होता है, इसलिए इसे कम मात्रा में ही लेना चाहिए।

## इसके संभावित फायदे

**प्लेटलेट्स बढ़ाने में मदद:** कई लोग मानते हैं कि पपीते के पत्तों का जूस प्लेटलेट्स बढ़ाने में मदद कर सकता है, जो डेंगू के दौरान कम हो जाते हैं।

**इम्युनिटी को सपोर्ट:** इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद कर सकते हैं।

**कमजोरी दूर करने में सहायक:** बुखार के दौरान शरीर कमजोर हो जाता है। यह जूस शरीर को थोड़ा एनर्जी देने में मदद कर सकता है।

**शरीर को डिटॉक्स करने में मदद:** यह शरीर से टॉक्सिन्स निकालने में सहायक माना जाता है, जिससे शरीर जल्दी रिकवर करता है।

## क्या यह सच में चमत्कारी है?

हालांकि यह नुस्खा बहुत लोकप्रिय है, लेकिन इसे 'चमत्कारी इलाज' मानना सही नहीं है। यह एक सहायक उपाय हो सकता है, लेकिन बुखार का सही इलाज डॉक्टर की सलाह से ही होना चाहिए।

## किन बातों का रखें ध्यान?

इसे ज्यादा मात्रा में ना लें, गर्भवती महिलाएं इसे लेने से पहले डॉक्टर से सलाह लें, बच्चों को देने से पहले सावधानी बरतें और अगर एलर्जी हो, तो तुरंत बंद करें।

## डॉक्टर की सलाह क्यों जरूरी है?

अगर बुखार लंबे समय तक बना रहे या ज्यादा बढ़ जाए, तो इसे नजरअंदाज ना करें। घरेलू नुस्खे केवल हल्की समस्या में ही मदद करते हैं। सही इलाज के लिए डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है।

Uttarpradesh

# जासूसी नेटवर्क से सुरक्षा एजेंसियों की पूछताछ में बड़ा खुलासा, तीन खातों में भेजे गए 45 लाख रुपए

**गाजियाबाद, (एजेंसी)** देश के महत्वपूर्ण स्थानों की वीडियो और फोटो पाकिस्तान भेजने वाले जासूसी नेटवर्क से सुरक्षा एजेंसियों की पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ है। सूत्रों के अनुसार, तीन आरोपियों के खातों में करीब 45 लाख रुपये की फंडिंग सामने आई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पाकिस्तान से नेपाल के हवाला कारोबारियों के जरिए गिरोह को फंडिंग की जा रही थी। इसमें गिरफ्तार किए जा चुके नेपाल के गुल्मी, लुम्बिनी निवासी गणेश की अहम भूमिका है।



जांच में सामने आया है कि आतंकियों को देश के महत्वपूर्ण स्थानों की वीडियो, फोटो और रील भेजने के बदले में जासूसों को रकम दी गई। गिरोह के मुख्य आरोपी मेरठ निवासी सुहेल मलिक के खाते में भी लाखों का लेन-देन हुआ है। मनी ट्रेल की जांच के दौरान जासूसी प्रकरण में पकड़े गए जावेद के पिता के बैंक खाते में भी विदेशी फंडिंग के संकेत मिले हैं।

सूत्रों के अनुसार, पूछताछ में नेपाल निवासी गणेश ने बताया कि पाकिस्तान से रकम नेपाल भेजी जाती थी। वहां से इसे कसीनो, मोबाइल और कपड़ों की दुकानों के खातों में ट्रांसफर किया जाता था। इसके बाद 20 से 25% कमीशन पर कुरियर से नकद और खातों में पहुंचाई जाती थी। डीसीपी सिटी धवल जयसवाल ने बताया कि आरोपियों के खातों की जांच करने पर कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं।

Uttarpradesh

## शादीशुदा महिला से अफेयर..., जान दे चुकी प्रेमिका के घरवालों ने प्रेमी को भी उतारा मौत के घाट

**मुजफ्फरनगर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद में एक 27 वर्षीय युवक को विवाहित महिला से संबंध रखना उस समय भारी पड़ गया जब महिला के परिजनों ने सोमवार रात उसपर हमला कर दिया. उन्होंने युवक पर बेरहमी से धारदार हथियारों से कई वार करने के बाद गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी. घटना के बाद जहां मृतक के परिवार में दुखों का पहाड़ टूट गया तो वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ चप्पे चप्पे की बारीकी से जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है. बताया जा रहा है कि मृतक युवक की विवाहित प्रेमिका ने भी कुछ महीने पूर्व जहरीला प्रदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी. दरसअल भोपा थाना क्षेत्र के शाहदरा बांगर गांव में सोमवार रात एक 27 साल के अक्षय की गांव के ही मनोज, युवांक और वरध ने उस समय धारदार हथियारों से हमला करने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी जब अक्षय अपने खेत से घर लौट रहा था. हत्यारे घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए.

New Delhi

## भारत में दुनिया से दोगुनी रफ्तार से कम हुए टीबी के केस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** थिएटर में फिल्म शुरू होने से पहले आपने एक विज्ञापन कभी ना कभी जरूर देखा होगा, जिसमें अंधेरे कमरे में एक आदमी लगातार आती खांसने से परेशान होता दिखता है और जैसे ही वो रुमाल देखता है तो उसपर खून के सुर्ख लाल धब्बे होते हैं. ये विज्ञापन देख भारतीय दर्शकों को एक ऐसी बीमारी के बारे में जागरुक किया जाता था, जिसे कभी लाइलाज माना जाता है. ये बीमारी एक ऐसा खामोश दुश्मन है, जो फेफड़ों के रास्ते शरीर में एंट्री करता है और धीरे-धीरे इंसान को अंदर से खोखला कर देता है. ये बीमारी ट्यूबरक्लोसिस (TB) थी.

लेकिन रुकिए! कहानी में थोड़ा ट्विस्ट है. किसी जमाने में जिस ट्यूबरक्लोसिस से भारत में रहते लोग डरा करते हैं, लेकिन अब इस



लाइलाज बीमारी को इलाज से ठीक किया जा सकता है. टीबी भारतीय के सामने घुटने टेक रही है. आज 24 मार्च 2026 को पूरी दुनिया वर्ल्ड टीबी डे मना रही है. इस खास मौके पर आज हम आपको बताएंगे कि आखिर ये बीमारी होती क्या है, इसके लक्षण क्या हैं और इसे कैसे ठीक किया जा सकता है.

Bihar

## नौकरी का झांसा देकर तीन साल किया दुष्कर्म

### बिन ब्याही लड़की बनी मां, युवक ने अपनाने से किया इनकार

**दरभंगा, (एजेंसी)** दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र की एक युवती के साथ नौकरी दिलाने और शादी का झांसा देकर तीन साल तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में हासी गांव निवासी अभिषेक राय के खिलाफ बहेड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

परिजनों का कहना है कि वर्ष 2022 में सोशल मीडिया के माध्यम से दोनों की पहचान हुई थी। बातचीत बढ़ने के बाद दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गया। युवक ने युवती को नौकरी दिलाने का झांसा देकर मुंबई चलने को कहा। इसके बाद वर्ष 2023 में युवती नौकरी के लालच में अभिषेक राय के साथ मुंबई चली गई। वहां उसने युवती को नौकरी और शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाना शुरू कर दिया। इस दौरान युवती बिन ब्याही मां बन गई और अब उसकी एक तीन साल की बेटी है। परिजनों का आरोप है कि अब आरोपी अभिषेक राय शादी से इनकार कर रहा है और युवती को अपनाने से भी मना कर रहा है।

आरोपी ने यवुती और भाई पर किया हमला

युवती के भाई ने बताया कि 10 फरवरी 2026 को अभिषेक राय उसकी बहन को मुंबई से गांव लेकर आया था। 25 फरवरी को परिवार के लोग एक शादी समारोह में गए थे। इसी दौरान अभिषेक राय अपने पिता नवीन राय और चार अज्ञात लोगों के साथ घर पहुंचा। वहां उसने युवती पर लोहे के रॉड से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गई। बीच-बचाव करने पहुंचे दूसरे भाई के साथ भी मारपीट की गई। आरोपी जाते समय दो साल की बच्ची को भी अपने साथ ले गया और उसे बेचने की धमकी दी। इसके बाद परिजनों ने अपने स्तर से मामले को सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

खेल

मियामी ओपन में बड़ा उलटफेर

# विश्व नंबर-एक अल्काराज को कोर्डा ने हराया, तीसरे राउंड से बाहर

**मियामी, (एजेंसी) मियामी ओपन में रविवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जब वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज को अमेरिका के सेबास्टियन कोर्डा ने तीसरे राउंड में हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। कोर्डा ने यह मुकाबला 6-3, 5-7, 6-4 से जीतते हुए अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। करीब 2 घंटे 14 मिनट तक चले इस मैच में उन्होंने शानदार संयम और आक्रामक खेल दिखाया।**

कोर्डा ने पहले सेट में पूरी तरह दबदबा बनाया और अल्काराज़ को लगातार दबाव में रखा। उन्होंने मैच में 12 ऐस लगाए, जिससे उनकी सर्विस बेहद प्रभावी रही। दूसरे सेट में कोर्डा 5-3 से आगे थे और जीत के करीब पहुंच गए थे, लेकिन



इसी दौरान उन्होंने अपनी सर्विस गंवा दी। इसका फायदा उठाते हुए अल्काराज़ ने वापसी की और सेट जीतकर मैच को निर्णायक सेट तक खींच लिया। हालांकि, तीसरे सेट में कोर्डा ने शानदार वापसी की। उन्होंने 4-3 पर अल्काराज़ की सर्विस तोड़ी और फिर अंत तक बढ़त बनाए रखते हुए मैच अपने नाम कर लिया।

जीत के बाद सेबास्टियन कोर्डा ने कहा, 'यह जीत शानदार महसूस हो रही है। मैंने थोड़ा लंबा रास्ता तय किया, लेकिन अंत में जिस तरह खेला, उससे मैं खुश हूं। कुछ मुश्किल हालात आए, लेकिन मैंने खुद पर भरोसा बनाए रखा और अंत तक लड़ता रहा।'

दूसरी ओर अल्काराज इस मैच में अहम मौकों पर अस्थिर नजर आए। खासकर उनके फोरहैंड शॉट्स में लगातार गलतियां देखने को मिलीं, जो अंत में हार का कारण बनीं। अल्काराज शानदार फॉर्म में इस टूर्नामेंट में उतरे थे। उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतकर अपना सातवां ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया था।

मियामी ओपन में यह अल्काराज का लगातार दूसरा निराशाजनक प्रदर्शन है। पिछले साल भी वह दूसरे राउंड में बाहर हो गए थे। अब इस हार के बाद अल्काराज़ अपनी नजरें क्ले कोर्ट सीजन पर टिकाएंगे, जिसकी शुरुआत अगले महीने मोंटे कार्लो मास्टर्स से होगी।

### कोर्डा की अगली चुनौती

इस बड़ी जीत के बाद कोर्डा का आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है। अब वह अगले दौर में कारेन खाचानोव या मार्टिन लैंडालुसे में से किसी एक का सामना करेंगे।

सिनेमा

## 'धुरंधर 2' को मिडल ईस्ट में रिलीज ना होने का बड़ा नुकसान! विदेशों में दमदार कमाई, पर चूका 'पठान' का टॉप रिकॉर्ड



रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' ने पहले वीकेंड में इंडिया से विदेशों तक खूब धमाल मचाया. भारत में तो 'धुरंधर 2' ने हिंदी सिनेमा के सारे टॉप बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ ही डाले हैं. ओवरसीज मार्केट में भी दर्शकों ने इस फिल्म के लिए ऐसा क्रेज दिखाया है कि बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड्स की झड़ी लग गई है. लेकिन मिडल ईस्ट में रिलीज ना मिलना 'धुरंधर 2' के रास्ते का स्पीड ब्रेकर बन रहा है. भारतीय फिल्मों ने इससे पहले खाड़ी देशों (GCC) में जमकर थिएटर्स भरे हैं. इसलिए लगभग हर बड़ी फिल्म की धुआंधार कमाई में GCC मार्केट से कलेक्शन का बड़ा रोल रहा है. लेकिन 'धुरंधर 2' वहां नहीं पहुंची है, जिसकी वजह से फिल्म विदेशों में कमाई के टॉप रिकॉर्ड से थोड़ा सा चूक गई है. विदेशों में 'धुरंधर 2' का क्रेज अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक खूब नजर आया. इन देशों में रणवीर की फिल्म ने कमाई के ऐसे रिकॉर्ड बनाए हैं, जिन तक पहुंचते-पहुंचते काफी गणित खर्च होगी. पर 'धुरंधर 2' का टोटल ओवरसीज कलेक्शन सामने आ गया है. पहले वीकेंड में ही फिल्म ने कुल 22.40 मिलियन डॉलर (करीब 209 करोड़ भारतीय रुपये) का कलेक्शन कर डाला है. इस धुआंधार कमाई के साथ 'धुरंधर 2' ने इंडियन फिल्मों के इतिहास में तीसरा सबसे बड़ा ओपनिंग वीकेंड ओवरसीज कलेक्शन दर्ज किया है.

## Highlights

1. **Army to deploy Shaurya drone units with tank regiments**
2. **Gaurav Gogoi files nomination for Jorhat constituency in Assam**
3. **Security forces arrest 13 insurgents, seize weapons in Manipur**
4. **NLU asks student to delete blog on SC-NCERT row, he says 'Court not God'**
5. **₹33 cr spent on Kejriwal's 'Sheesh Mahal', 342% above estimate: CAG**

# Two more India-flagged LPG tankers set sail through Strait of Hormuz



**NEW DEIHI, (Agency).** Two India-flagged liquefied petroleum gas tankers set sail for yet undisclosed Indian ports from the UAE early on Monday, tracking close to the Iranian coastline on a route set by the Islamic Republic through the Strait of Hormuz, people aware of the development said.

Ship-tracking data showed the vessels — the Pine Gas and Jag Vasant — set sail from the UAE coastline, with transponders flashing their India-flagged status while keeping their destinations a secret.

Both are headed for Indian ports and will be escorted by the Indian Navy once they enter international waters, a shipping directorate official said.

One of them is likely headed for Gujarat's Dahej port, but the destinations can change due to dynamic traffic and operational situations amid the West Asian conflict, a second official said, requesting anonymity.

The Jag Vasant has been chartered by the Bharat Petroleum Corp, while the Pine Gas is hauling gas for the Indian Oil Corp. Last week, Iran allowed two India-flagged LPG carriers — the Shivalik and Nanda Devi to sail through the strait.

Three major west-coast ports — Kandla, Mundra and Dahej — are being kept ready for the ships, but Mundra's portside LPG storage facilities are currently full, HT has learnt. "Ship-to-ship transfer is also a possibility for onward transportation," the official said.

Ramping up diplomatic engagement, Prime Minister Narendra Modi spoke to Iranian President Masoud Pezeshkian on March 21, the second time this month.

The tankers are making their way through a narrow corridor between the Iranian islands of Larak and Qeshm, a conduit Iran has designated for vessels it permits. This route is being monitored by Iranian forces and its navy, which provided navigation help to two earlier Indian vessels in crossing the strait, the chief officer of the Nanda Devi tanker, Sanjay Prashar, told HT.

# Sensex jumps 1,516 points, Nifty up 365 in opening but volatility persists amid Strait of Hormuz closure



**NEW DEIHI, (Agency).** The domestic share markets opened on a positive note on Tuesday, taking a breather from recent selling pressure, with both benchmark indices registering strong gains in early trade. However, market volatility remained high amid ongoing uncertainty linked to the Strait of Hormuz.

The Nifty 50 opened at 22,878.45, gaining 365.80 points or 1.62 per cent, while the BSE Sensex surged by 1,516.08 points or 2.09 per cent to open at 74,212.47.

Market experts noted that despite the recovery, uncertainty continues to weigh on investor sentiment.

Ajay Bagga, banking and market expert, told ANI, "Someone making hay as the world is still not out of the woods, sorry, scratch that, make it, The World is Still Not Out of the Strait of Hormuz. Massive volatility based on social media posts that are promptly denied by adversaries and then blustering rebuttals are made, all the while someone is making huge profits by taking positions ahead of market-moving social media posts and announcements."

He further added that global cues remain mixed. "This morning Asian markets have given up some of their opening gains, oil is slightly up, US dollar is stronger, gold and silver are falling as they have for the past 25 days, and US stock futures are negative 0.4 per cent. It was so wonderful to see Gift Nifty up 800 points plus last night but it is now up around 350 points versus last afternoon's market close in India," he said.

बाल-बाल बचे मरीज

# गैरेज में ब्लास्ट के बाद जली 6 कारें अस्पताल तक पहुंची आग की लपटें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चोइथराम अस्पताल के नजदीक स्थित लेकपार्क कॉलोनी में सोमवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब यहां स्थित एक गैरेज में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही राजेंद्र नगर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और राहत कार्य शुरू किया गया।**



जानकारी के अनुसार जिस गैरेज में यह अग्निहादसा हुआ वहां 6 कारें खड़ी थीं। आग की चपेट में आने के कारण ये 6 कारें पूरी तरह जलकर खाक हो गई हैं। दमकलकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर समय रहते काबू पा लिया जिससे यह आसपास के रिहायशी इलाकों में नहीं फैल सकी और एक बड़ा हादसा होने से टल गया। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि यह गैरेज चोइथराम अस्पताल के ठीक सामने स्थित एक ऑटो डीलिंग कंपनी का है। यहां पुरानी कारों की रिपेयरिंग और उन्हें बेचने का काम किया जाता है। जिस शेड में आग लगी थी वह सीधे तौर पर अस्पताल की दीवार से सटा हुआ था। खतरा भांपते हुए सबसे पहले अस्पताल प्रबंधन की ओर से ही पानी डालकर आग को रोकने की कोशिश की गई थी। दमकल विभाग के अनुसार गैरेज में मौजूद कलर स्प्रे और अन्य ज्वलनशील रसायनों की मौजूदगी के कारण आग ने भयावह रूप धारण कर लिया था। उल्लेखनीय है कि इंदौर में आगजनी की यह दूसरी बड़ी घटना है। इससे पहले रविवार सुबह भी सांवेर रोड स्थित नरवल क्षेत्र के एक स्क्रैप गोदाम में आग लग गई थी। मोहम्मद इरफान के इस गोदाम में भारी मात्रा में प्लास्टिक स्क्रैप रखा था जिसके चलते काला धुआं दूर-दूर तक फैल गया था। उस दौरान पास ही बने मजदूरों के क्वार्टरों तक आग पहुंचने का खतरा पैदा हो गया था जिसके बाद मजदूरों ने अपना सामान घरों से बाहर निकाल लिया था। पुलिस इन दोनों ही मामलों में आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। गैरेज के पास की एक दुकान पर एक गैस सिलेंडर भी रखा था जिसे समय रहते निकाल लिया गया। आग की लपटें इतनी भीषण थी कि दूर से ही नजर आ रही थी। आसपास की दुकानों को भी आग की वजह से नुकसान हुआ है।

व्हाट्सएप लिंक भेजकर 6.20 लाख की ठगी

# मुनाफे का झांसा देकर युवती को बनाया शिकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विजयनगर थाना क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने एक युवती को व्हाट्सएप कॉल और लिंक के जरिए झांसे में लेकर 6 लाख 20 हजार रुपए की ठगी कर ली। मामले में साइबर सेल की शिकायत के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक न्यू अंजनी नगर निवासी अदिति शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है। अदिति ने बताया कि नवंबर 2025 में उसके पास व्हाट्सएप पर कॉल आया था। इसके बाद उसे एक लिंक भेजी गई, जिसके जरिए एक एप डाउनलोड करवाया गया। आरोपियों ने उसे लालच दिया कि एप के जरिए निवेश करने पर तीन गुना मुनाफा मिलेगा। शुरुआत में अदिति ने कुछ रुपए डाले तो एप पर उसे ज्यादा प्रॉफिट दिखाया गया, जिससे उसका भरोसा बढ़ गया। इसके बाद ठगों ने अलग-



अलग स्कीम बताकर उससे अलग-अलग खातों में करीब 6 लाख 20 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए। यह सिलसिला मार्च 2026 तक चलता रहा। जब अदिति ने पैसे निकालने की कोशिश की तो उससे और रकम जमा करने के लिए कहा गया। शक होने पर जब उसने पैसे डालने से मना किया तो आरोपियों ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया और व्हाट्सएप ग्रुप से भी हटा दिया। पीड़िता ने इसकी शिकायत साइबर सेल में की, जिसके बाद मामला विजयनगर पुलिस को भेजा गया। पुलिस ने खातों की जानकारी के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक